# <u>बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना</u>

विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 183 / 2022

**इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र तथा क्वालिफाईंग कोटि के छात्र/छात्राओं का उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा (सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक) आयोजित कर परीक्षाफल जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जमा कराने के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा +2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0 शि0) तथा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के छात्र/छात्राओं के सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक विषयों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा +2 विद्यालय/महाविद्यालय के स्तर पर संचालित होगी।

**2.** निदेशक, (मा0 शि0) बिहार, पटना के द्वारा जारी कैलेन्डर के अनुसार +2 स्तर की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा **दिनांक 11.10.2022** से प्रारंभ होगी। शिक्षण संस्थान के प्रधान को **दिनांक 11.10.2022 से 21.10.2022 तक** की अवधि में अपने सुविधानुसार सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक विषयों की परीक्षा आयोजित करने की अनुमति प्रदान की जाती है। Sent-up (उत्प्रेषण)/जाँच परीक्षा आयोजित करने हेतु सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में प्रश्न पत्र भेजी जाएगी, जहाँ से शिक्षण संस्थान के प्रधान **दिनांक 06.10.2022 से 10.10.2022** तक की अवधि में स्वयं अथवा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रश्न पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

**3.** +2 विद्यालय/महाविद्यालय के स्तर पर आयोजित होने वाली उत्प्रेषण (Sent-up )/जाँच परीक्षा में नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के छात्र/छात्राओं को शामिल होना अनिवार्य है। उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को ही इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा। यदि उक्त कोटि के परीक्षार्थी किसी विषय/विषयों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित नहीं होते हैं अर्थात अनुपस्थित रहते हैं अथवा परीक्षा में अनुत्तीर्ण (Fail) रहते हैं, तो वैसे परीक्षार्थी को इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा तथा परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया जाएगा। पूर्ववर्ती (Ex.) कम्पार्टमेन्टल (Compartmental) एवं सम्मुनत (Improvement) कोटि के छात्र/छात्रा को उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित नहीं होना है।

**4.** अंकनीय है कि गत वर्ष की भाँति उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा की व्यवस्था (प्रणाली) को पारदर्शी एवं उत्कृष्ट बनाने की आवश्यकता है, ताकि इन परीक्षाओं की गुणवत्ता उच्च कोटि की हो एवं इसमें उत्तीर्ण परीक्षार्थी वास्तविक रूप से समिति द्वारा आयोजित होने वाली इन्टरमीडिएट परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने के मापदण्ड पर अपने अर्हता एवं योग्यता प्रमाणित कर सके। इस उद्देश्य से निदेशक (मा0 शि0) के ज्ञापांक 09/बि0वि0प0स0–12/2020–557 दिनांक 18.09.2020 द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में निम्नांकित कार्रवाई की जानी हैः–

i- उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा के लिए प्रश्न पत्रों का विषयवार निर्धारण समिति स्तर पर किया गया है तथा इसकी आपूर्ति समिति द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के माध्यम से सभी मान्यता प्राप्त +2 विद्यालयों/महाविद्यालयों को निःशुल्क उपलब्ध होगा। इस पर होने वाला व्यय समिति द्वारा वहन किया जाएगा और इसके लिए विद्यार्थियों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

ii- समिति द्वारा आपूरित प्रश्न पत्र का प्रारूप उच्च माध्यमिक परीक्षा के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि परीक्षार्थी पूर्व से ही समिति द्वारा आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा के लिए अपने आप को तैयार कर सकें।

iii-उत्प्रेषण (Sent-up )/जाँच परीक्षा का आयोजन एवं मूल्यांकन पूर्व व्यवस्था के अनुसार सभी मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय/महाविद्यालय के स्तर पर ही किया जाएगा।

5. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के छात्र/छात्रा को निदेश दिया जाता है कि अपने–अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान से सम्पर्क कर निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा देने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने +2 विद्यालय/महाविद्यालय में उपस्थिति होना सुनिश्चित करेंगे।

6. सभी मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान से अनुरोध है कि उक्त निर्धारित तिथि **दिनांक11.10.2022 से 21.10.2022** तक की अवधि में अपने शिक्षण संस्थान से इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के छात्र/छात्राओं की उत्प्रेषण (Sent-up )/जाँच परीक्षा आयोजित कर निम्नांकित पंजी में प्राप्तांक प्रविष्ट कर परीक्षाफल का विवरण (Excel Format English Font में) सॉफ्ट कॉपी की सी0डी0 तथा हार्ड कॉपी में (हस्ताक्षर एवं मुहरयुक्त) जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक 23.10.2022 तक अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

## इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के परीक्षार्थियों के उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2022 का प्राप्तांक पंजी

**+2 School/College code:-**
**+2 School/College Name:-**

| Sl No | Registration. No | Student's Name Mother's Name Father's Name | M/F | Compulsory Language Subjects | | | | Elective Subjects | | | | | | | | | | | | Aggregate & Result | Additional Subject | | | | Result |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Marks Obtained | | | | Marks Obtained | | | | | | | | | | | | | Marks Obtained | | | | |
| | | | | Subject-1 | Marks | Subject-2 | Marks | Subject-1 | Theory | Practical | Total | Subject-2 | Theory | Practical | Total | Subject -3 | Theory | Practical | Total | | Add. Sub. | Theory | Practical | Total | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

+2 विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान का
हस्ताक्षर एवं मुहर

## इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रम के परीक्षार्थियों के उत्प्रेषण (Sent-up )/जाँच परीक्षा, 2022 का प्राप्तांक पंजीः–

**+2 School Code :-**
**+2 School Name:-**

| Sl No | Registration. No | Student's Name Mother's Name Father's Name | M/F | Compulsory Language Subjects | | | | Elective Subjects | | | | | | | | | | Aggregate & Result | Additional Subject | | | | Result |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Marks Obtained | | | | Marks Obtained | | | | | | | | | | | Marks Obtained | | | | |
| | | | | Subject -1 | Marks | Subject -2 | Marks | (Foundation Course) | Marks | Paper | Theory | Practical | Total | Paper | Theory | Practical | Total | | Add. Sub. | Theory | Practical | Total | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

+2 विद्यालय प्रधान का
हस्ताक्षर एवं मुहर

7. उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2022 में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण (Non Sent-up) छात्र/छात्राओं की सूची निम्नांकित प्रपत्र में (Excel Format English Font में) सॉफ्ट कॉपी की सी0डी0 तथा हार्ड कॉपी (हस्ताक्षर एवं मुहरयुक्त) जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक 23.10.2022 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे:—

**इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2022 में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण (Non Sent-up) परीक्षार्थियों की सूची**

**+2 School/College code:-**
**+2 School/College Name:-**

| Sl. No | Registration. No | Faculty | Student's Name | M/F | Mother's Name | Father's Name | Absent/ fail |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

+2 विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान का

8. विशेष रूप से अंकनीय है कि राज्य में कोविड—19 के संक्रमण से बचाव के लिए सरकार के द्वारा विस्तृत दिशा—निर्देश निर्गत किये गये हैं, जिससे सभी शिक्षण संस्थान के प्रधान अवगत हैं। परीक्षा के दरम्यान सभी +2 विद्यालय/महाविद्यालय में कोविड—19 के संक्रमण से बचाव के लिए पर्याप्त संख्या में डेस्क/बेंच लगाये जायें। परीक्षा देने हेतु उपस्थित होने वाले छात्र/छात्राएँ अनिवार्य रूप से मास्क लगाकर परीक्षा देंगे। परीक्षार्थी के परीक्षा कक्ष में प्रवेश के समय सैनिटाईज करने तथा प्रत्येक कमरा में सैनिटाईजर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जायेगी। शिक्षण संस्थान के प्रधान यह भी सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा क्रम में अनावश्यक भीड़ न हो तथा उपस्थित छात्र/छात्रा यत्र—तत्र न थूकें एवं सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुए पूरे अनुशासित तरीके से अपनी परीक्षा दें।

9. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि +2 स्तर के शिक्षण संस्थान के स्तर पर आयोजित उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2022 का परीक्षाफल दिनांक 23.10.2022 तक की अवधि में शिक्षण संस्थान के प्रधान अथवा उनके विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा आपके कार्यालय में जमा किया जाएगा, जिसे जमा कराना सुनिश्चित करेंगे एवं प्राप्ति रसीद दे देंगे। वर्तमान सत्र 2021—2023 के लिए मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में छात्र/छात्राओं का नामांकन OFSS के माध्यम से किया गया हो और किसी कारणवश शिक्षण संस्थान की मान्यता निलंबित/रद्द की गई हो तथा उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2022 के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी किसी निकट के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से निलम्बित/रद्द वाले महाविद्यालय/+2 विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध कर उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2022 में सम्मिलित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।